**खास-खबरें**

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा से श्री अमित प्रधान, सीपीएम से श्री सुंदर सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री नीलेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण करने के निर्देश

**शहडोल ।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

## लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर प्रकरण समय सीमा से बाह्य प्रदर्शित होने पर 3 कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला रजिस्ट्रार जिला योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने पदाविहित अधिकारियों व्दारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में नही किए जाने पर प्रकरण लोक सेवा गारंटी पोर्टल पर समय सीमा प्रदर्शित होने से तीन कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित किया है। जिन तीन कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित किया गया है उनमें सरोज रौतेल सचिव ग्राम पंचायत खेरवाखुर्द पर जनपद पंचायत करकेली पर 250 रूपये, देवेन्द्र व्दिवेदी ग्राम पंचायत डगडौआ सचिव जनपद पंचायत करकेली पर 750 रूपये, अंतिमा सिंह सचिव ग्राम पंचायत अमड़ी जनपद पंचायत करकेली पर 550 रूपये शामिल है।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस आज कार्यशाला का होगा आयोजन

**अनुपपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जून को बाल श्रम के विरुद्ध विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के शहर एवं कस्बों में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने दी है।

## पुलिस चौकी रैगांव का थाना में उन्नयन, 48 गांव शामिल

**सतना।** म.प्र. शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक सतना एवं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के प्रस्ताव पर विचारोपरांत जिला स्तरीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार पुलिस चौकी रैगांव को थाने के रूप में उन्नयन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रैगांव थाना क्षेत्र में विभिन्न थाना के अंतर्गत आने वाले 48 राजस्व ग्रामों को वर्तमान थाना रैगांव में शामिल किया गया है। इसमें तहसील रघुराजनगर के 29, कोठी के 13, मझगवां के 4 तथा नागौद के 2 राजस्व ग्राम शामिल है। रैगांव थाना क्षेत्र में सिंहपुर थाना के 39 ग्राम, मझगवां थाने के 4, कोठी थाने के 3 और नागौद के 2 तथा सिविल लाइन थाना क्षेत्र का 1 ग्राम शामिल किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार तहसील रघुराजनगर अंतर्गत ग्राम शिवपुर, भटिगवां, रैगांव, मुड़हा, डिलौरा, डिलौरी, कोरगवां, निपनिया, नरेन्द्रपुर, नारायणपुर, मझियार, कल्हाई, कल्हारी, जिरवार, शहपुरा, धौरहरा, बैलिहा (कछियान), श्रीनगर, गरलगी, इटौरा, ओढकी, कूंची, पड़रौत, बांधी, रेहुंटा, मसनहां, गडरा, इटमा तथा राजस्व ग्राम धनखेर को शामिल किया गया है। इसी प्रकार तहसील कोठी अंतर्गत ग्राम करसरा, सेमरिया, बराह, पैकोरा, पैकोरी, खडौरा, खडीरी, नौखड-खुर्द, गरलगा, उजरौंधा, मनिकवार, देवरी तथा घडेरुआ, तहसील मझगवां अंतर्गत ग्राम चकर, पटिहर, अठवरही, म्यान तथा तहसील नागौद अंतर्गत ग्राम रजरवारा एवं बचबई को रैगांव थाना में शामिल किया गया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान : देश की कृषि और किसानों को सम्पन्न बनाने का अभियान है:सांसद

### कृषि वैज्ञानिकों ने नवीन तकनीकी के संबंध में किसानों से की सार्थक चर्चा

सीधी



**सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में जिले के ग्राम पंचायत गांधीग्राम में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसान भाइयों के साथ कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीकी के संबंध में सार्थक चर्चा की।**

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश के कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित तौर पर किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। स्थानीय कृषि-जलवायु, मृदा की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की स्थिति, बीज चयन, उर्वरक उपयोग और कीट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों को वैज्ञानिक सलाह देते रहे तथा किसानों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें।

सांसद ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान खुशहाल होंगे तभी देश की असली तरक्की होगी। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रसायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करें। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करें। सांसद ने बैगा जनजातीय तथा अन्य जनजातीय परिवारों के विकास के लिए विशेष पहल करने को कहा है। सांसद ने कहा कि इन परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दें। उन्हे जैविक कृषि के लिए प्रोत्साहित करें। अरहर, उड़द, दलहन के बीज बैगा परिवारों को प्राथमिकता पर दें। पशुपालन विभाग बैगा परिवारों को पशुपालन सु जुड़ी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर दें। इस दौरान ड्रोन तथा नैनो यूरिया ,नैनो डी ए पी का जीवंत प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देवकुमार सिंह चौहान, उप संचालक कृषि संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ए श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केंद्र सीधी, डॉ अलका सिंह, सहायक संचालक मछली पालन, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग, महिला बल विकास, राजस्व, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

शहडोल

**कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।**

जनसुनवाई में ग्राम सिंहपुर निवासी अमरेन्द्र तिवारी ने सिंहपुर में संचालित कांजी हाउस एवं गौ तस्करी के संबंध में जांच कराने हेतु, वार्ड नं. 16/12 घरौला मोहल्ला निवासी सावित्री साहू ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि प्राप्त करने बावत, सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी देव रजक ने अपना नाम राशन कार्ड में जुड़वाने बावत, अमराडण्डी निवासी विकास पाल ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस प्रकार जनसुनवाई में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।



## खनिज रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 3 वाहन जब्त

**अनुपपुर।** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु खनिज विभाग द्वारा आज तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम बम्हनी तथा लोहासुर क्षेत्र अतर्गत 02 वाहन जिनके ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी18 एए8256 तथा एमपी18एए5337 को खनिज रेत अवैध उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। साथ ही एक वाहन थाना भालूमाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगडुमरा से खनिज रेत अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाये जाने पर जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा 01 जून 2025 से 10 जून 2025 तक कुल 16 वाहनों को जब्त किया गया है।

## जनसुनवाई में सुनीं गई आवेदकों की समस्याएं

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य तथा एसडीएम एलआर जांगडे ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 155 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण- पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## स्व सहायता समूह सदस्यों को दी सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी

सीधी



**कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के निर्देशन में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह एवं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष पाण्डेय के मार्गदर्शन में मझौली सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में स्व सहायता समूह की महिलाओं को बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में रजत सिंह तिवारी शाखा प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक मड़वास के द्वारा सभी महिलाओं को व्यवस्थित रूप से सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं लखपति आवर्ती योजना के साथ-साथ स्व सहायता समूह को अपनी आय किस प्रकार से बढ़ाई जा सके है, उसकी जानकारी प्रदान की गई। स्व सहायता समूह के अलावा बैंक के द्वारा अन्य योजना से कौन सी राशि लोगों को अपने जीवन में सुधार लाने के लिए एवं लखपति दीदी बनने के लिए दी जा सकती है, क्या-क्या डॉक्यूमेंट लगेंगे, उसकी क्या प्रक्रिया है, उसको व्यवस्थित रूप से मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर के द्वारा समझाया गया।

### शहडोल संभाग में सड़क दुर्घटनाएं रोकने करें प्रभावी कार्यवाही करें : कमिश्नर

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही करें

शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में संभाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का पुलिस अधिकारी एवं एम.पी.आर.डी.सी. विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण करें और आवश्यकता के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉटों की स्थिति सुधारे, सड़कों के किनारे संकेतक एवं सूचना बोर्ड लगाएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध सख्त



कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों के पास लाइसेंस अवश्य रहे, ओव्हर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही और मालवाहक वाहनों में यात्रियों का आवागमन न हो यह भी सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग में यातायात जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें तथा वाहनों की संघन चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि चेकिंग के दौरान लोगो को हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने जैसे अन्य यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दे। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन फिटनेस, लाइसेंस आदि दस्तावेजों की जांच अवश्य करें। कमिश्नर ने शहडोल नगर की सड़कों के बीच बने डिवाइडर पर लगे पेड़-पौधों की छटाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने पीओएस मशीन, इंटरसेप्टर व्हीकल, यातायात जागरूकता अभियान के तहत की गई कार्यवाही, हिट एंड रन के प्रकरणों में पीड़ितो के आर्थिक सहायता के संबंधी सहित अन्य किये गए कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर श्री हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, जिला परिवहन अधिकारी सहित शहडोल संभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

उमरिया

**साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग को ओर प्रेषित किया ।**

मुन्नी बाई चंदवार ने भूमि के सीमांकन की पुष्टि कराने, नत्थू कुशवाहा चंदिया ने पटवारी व्दारा जारी नोटिस में बेदखली की कार्यवाही पर रोक लगाने, कपूर वासुदेव ग्राम महरोई ने आधार कार्ड , परिचय पत्र बनाने, धीरा बैगा ग्राम धनवाही ने भूमि पर कब्जा होने, अमृत लाल चौधरी ग्राम परासी ने पुत्री को अनुसूचित जाति जन जाति छात्रावास की सुविधा दिलाने, हरिशरण पटेल निवासी ग्राम पंचायत टिकुरीटोला ने पानी की निकासी हेतु पुलिया का निर्माण कराने, सरिता तिवारी वार्ड नंबर 6 नगर परिषद मानपुर ने रास्ते में किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने, नारायण यादव ग्राम पंचायत रथैली ने गरीबी रेखा में नाम जोड़ने तथा रंजना महोबिया ग्राम परासी ने आधार कार्ड में जन्म तिथि सही कराने संबंधी आवेदन दिया । इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

**स्पेशल खबर** सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें


# कमिश्नर जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

सीधी

**कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की।**

कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। बाढ़ से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें।

कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के



लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें। बैठक में आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गई तो कोई परेशानी नहीं होगी। बाणसागर बांध में अधिकतम जल स्तर तक पानी आने से पहले ही उसे नियंत्रित रूप से छोड़ना शुरू कर दें। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों तथा होमगार्ड्स एवं राहत और बचाव से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल नम्बर व्हाट्सएप ग्रुप में अपडेट कर लें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट भी भण्डारित कराएं। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें।

बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है। बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं।